रजिस्ट्री सं० डी० (डी)-73

REGISTERED No. D(D)-73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 22] नई दिल्ली, शनिवार, मई 29, 1976/ज्येष्ठ 8, 1898

No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 29, 1976/JYAISTHA 8, 1898

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 10 मई, 1976

का० आ० 1713—केन्द्रीय सरकार, विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 (1973 का 46) की धारा 3 के खण्ड (ङ) के साथ पठित धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम के उपबंधों को प्रवृत्त करने के प्रयोजनार्थ श्री एम०डी० दीक्षित को प्रवर्तन अधिकारी नियुक्त करती है जिनका पदाभिधान विशेष प्रवर्तन निदेशक होगा और उक्त अधिनियम की धारा 50 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उन्हें तद्धीन बनाए गए किसी नियम, निदेशक या आदेश या उसके उपबंध (धारा 13, धारा 18 की उपधारा (1) के खण्ड (क) और धारा 19 की उपधारा (1) के खण्ड (क) से भिन्न) के किसी उल्लंघन के मामलों का अधिनिर्णय करने के लिए सशक्त करती है।

[संख्या 19/2/76-एवीडी-4]

टी० के० सुब्रह्मण्यियन, अवर सचिव

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 10th May, 1976

S.O.1713.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4, read with clause (e) of section 3 of the Foreign Exchange Regulation Act, 1973 (46 of 1973), the Central Government hereby appoints Shri M. D. Dikshit to be an officer of Enforcement, with the designation of Special Director of Enforcement for the purpose of enforcing the provisions of the said Act; and in exercise of the powers conferred by section 50 of the said Act hereby empowers him to adjudicate cases of contravention of any of the provisions thereof [other than section 13, clause (a) of sub-section (1) of section 18 and clause (a) of sub-section (1) of section 19] or of any rule, direction or order made thereunder.

[No. 19/2/76-AVD. IV]

T. K. SUBRAMANIAN, Under Secy.

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 11 मई, 1976

का० आ० 1714—भारत के दिनांक 23 मार्च, 1976 के असाधारण राजपत्र भाग II, खण्ड 3, उपखण्ड (ii) के पृष्ठ 662-663 पर प्रका-

भारत सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय (कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग) के दिनांक 23 मार्च, 1976 के अधिसूचना सं० का०आ० 226(अ) की पंक्ति 5 में "रावपुरा पोलिस स्टेशन केस नंबर II/98/76" के स्थान पर "रावपुरा पुलिस स्टेशन वडोदरा II सी०आर० नंबर 98/76" तथा पंक्ति 6 और पंक्ति 7 में प्रयुक्त "विस्फोट" शब्द के स्थान पर "विस्फोटक" शब्द पढ़े।

[संख्या 228/1/76-एवीडी-2]

बी० सी० वंजानी, अवर सचिव

ERRATUM

New Delhi, the 11th May, 1976

S.O. 1714. In the Order of the Government of India in the Cabinet Secretariate (Department of Personnel & Administrative Reforms) No. S.O. 226(E) dated the 23rd March, 1976, published at page 662 of the Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) in lines 12 and 13, for "Raopura Police Station case No. II/98/76" read "Ravpura Police Station, Vadodra II C R. No. 98/76".

[No. 228/4/76-AVD II]

B. C. VANJANI, Under Secy.

विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(न्याय विभाग)

सक्षम प्राधिकारी का कार्यालय

नोटिस

नई दिल्ली, 3 मई, 1976

का० आ० 1715.—इसके द्वारा लेख्य प्रमाणक नियम (नोटेरीज रूल्स), 1956 के नियम 6 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्राधिकारी को श्री बि०वि० कुमार गौदा एडवोकेट बंगलौर (करनाटक स्टेट) ने उक्त नियमों के नियम 4 के अधीन बंगलौर में लेख्य प्रमाणक (नोटेरी) का काम करने की नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र भेजा है।

उक्त व्यक्ति की लेख्य प्रमाणक के रूप में नियुक्ति के बारे में यदि कोई आपत्तियां हों तो वे इस नोटिस के प्रकाशित होने के चौदह दिन के अन्दर नीचे हस्ताक्षर करने वाले को लिख कर भेज दिये जायें।

[सं० 22/19/76-न्याय]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Justice)

NOTICE

New Delhi, the 3rd May, 1976

S.O. 1715.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said rules, by Shri B. V. Kumbhargouda, Advocate, Bangalore for appointment as a Notary to practise in Bangalore (Karnataka).

Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No F. 22/19/76-Jus]

नोटिस

का० आ० 1716.—इसके द्वारा, लेख्य प्रमाणक नियम (नोटेरीज रूल्स), 1956 के नियम 6 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्राधिकारी को बी० कृष्ण भट्ट एडवोकेट उडुपी करनाटक स्टेट ने उक्त नियमों के नियम 4 के अधीन करनाटक में लेख्य प्रमाणक (नोटेरी) का काम करने की नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र भेजा है।

उक्त व्यक्ति की लेख्य प्रमाणक के रूप में नियुक्ति के बारे में यदि कोई आपत्तियां हों तो वे इस नोटिस के प्रकाशित होने के चौदह दिन के अन्दर नीचे हस्ताक्षर करने वाले को लिख कर भेज दिये जायें।

[सं० 22/22/76-न्याय]

NOTICE

S.O. 1716.—Notice hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri B. Krishna Bhatt, Advocate, Court Back Road, Udupi District (Karnataka) for appointment as a Notary to practise in the State of Karnataka.

2. Any objection to the appointment of the said person as a notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. [redacted]/22/76-Jus]

नोटिस

नई दिल्ली, 5 मई, 1976

का० आ० 1717.—इसके द्वारा, लेख्य प्रमाणक नियम (नोटेरीज रूल्स), 1956 के नियम 6 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्राधिकारी को श्री उदाई राज गुलेचा, एडवोकेट 60, लॉ चैम्बर्स, हाई कोर्ट मद्रास ने उक्त नियमों के नियम 4 के अधीन, मद्रास में लेख्य प्रमाणक (नोटेरी) का काम करने की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र भेजा है।

उक्त व्यक्ति की लेख्य प्रमाणक के रूप में नियुक्ति के बारे में यदि कोई आपत्तियां हों तो वे इस नोटिस के प्रकाशित होने के चौदह दिन के अंदर नीचे हस्ताक्षर करने वाले को लिखकर भेज दिये जायें।

[संख्या 22/34/75-न्यायिक]

आर० एल० परदीप, सक्षम प्राधिकारी

NOTICE

New Delhi, the 5th May, 1976

S.O. 1717.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Udai Raj Gulecha, Advocate, 60, Law Chambers High Court, Madras for appointment as a Notary to practise in Madras.

Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 22/34/75-Jus.]

R. L. PARDEEP, Dy. Secy.

(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, 4 मई, 1976

का०आ० 1718.—केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय वक्फ परिषद् नियम, 1965 के नियम 4 के साथ पठित, वक्फ अधिनियम, 1954 (1954 का 29) की धारा 8क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए,

(i) श्री मोइनुल हक चौधरी की मृत्यु के कारण हुई रिक्ति में, न्यायाधीश श्री एस० अनवार अहमद; और

(ii) श्री ए० ए० रहीम,

को केन्द्रीय वक्फ परिषद् के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है,

और भारत सरकार के विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग) की अधिसूचना सं० का०आ० 673 (अ) तारीख 22 नवम्बर 1975 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् —

उक्त अधिसूचना में,—

(क) मद 8 के स्थान पर निम्नलिखित मद रखी जाएगी, अर्थात् —

"8. न्यायाधीश श्री एस० अनवार अहमद, रोड 8, राजेन्द्र नगर, पटना-16";

(ख) मद 19 के पश्चात् निम्नलिखित मद अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात् —

"20. श्री ए० ए० रहीम, एम०एल०ए०, मलिककानडु, क्विलान"।

[सं० 8 (15)/74-वक्फ]

हसनुद्दीन अहमद, उप सचिव

(Legislative Department)

New Delhi, the 4th May 1976

S.O. 1718.—In exercise of the powers conferred by section 8A of the Wakf Act 1954 (29 of 1954), read with rule 4 of the Central Wakf Council Rules, 1965 the Central Government hereby appoints as members of the Central Wakf Council,

(i) Shri Justice S Anwar Ahmed in the vacancy caused by the death of Shri Moinul Haque Choudhury, and

(ii) Shri A A Rahim,

and makes the following amendments in the notification of the Government of India, in the Ministry of Law, Justice & Company Affairs (Legislative Department) No. S.O. 673 (E), dated the 22nd November 1975 namely :—

In the said notification,—

(a) for item 8, the following item shall be substituted namely :—

"8. Shri Justice S Anwar Ahmed, Road 8, Rajinder Nagar Patna 16.";

(b) after item 19, the following item shall be inserted, namely :—

"20. Shri A A Rahim, M L A., Malikanedu, Quilon."

[No 8(15)/74-Wakf]

HASANUDDIN AHMED, Dy Secy

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 5 मई, 1976

का०आ० 1719.—एकाधिकार एवं निर्बन्धकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उपधारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स सेन्ट्रल इण्डिया मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड के उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 545/70 दिनांक 12-11-1970 के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 2/5/75 एम-2]

एम० सी० वर्मा, उप सचिव

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 5th May, 1976

S.O. 1719.—In pursuance of sub-section (3) of section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969, (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the Registration of M/s. Central India Machinery Manufacturing Co. Ltd under the said Act (Certificate of Registration No 545/70 dated 12-11-1970)

[F. No. 2/5/75-M II]

M C. VARMA, Dy Secy.

सोडाक्षार के विनिर्माण में लगी हुई कम्पनियों के प्रकार के लागत लेखा अभिलेख नियम

लागत लेखा अभिलेख (सोडाक्षार) नियम, 1976

का०आ० 1720.—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के साथ पठित धारा 642 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् —

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का नाम लागत लेखा अभिलेख (सोडाक्षार) नियम, 1976 है।

(2) ये 1 जून, 1976 को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना.—ये उन सभी कम्पनियों को लागू होंगे जो किसी भी प्रकार के अर्थात् हल्के, सघन या साधारण सघन सोडाक्षार, जो भा० मा० सं० विनिर्देशों को पूरा करते हों, के उत्पादन, प्रसंस्करण या विनिर्माण में लगी हैं।

3. अभिलेखों का रखा जाना—(1) हर कम्पनी, जिसे ये नियम लागू होते हैं, 1 जून 1976 को या उसके पश्चात् अपने प्रत्येक वित्तीय वर्ष की बाबत उचित लेखा पुस्तकें रखेगी, जिनमें अन्य बातों के साथ सामग्री, श्रम और लागत की अन्य मदों के उपयोग से सम्बन्धित इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची 1 और 2 में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां, जहां तक वह नियम 2 में निर्दिष्ट सोडाक्षार से सम्बन्धित है, होंगी

परन्तु यदि उक्त कम्पनी किन्हीं अन्य उत्पादों का विनिर्माण कर रही है या सोडाक्षार के उत्पादन, प्रसंस्करण या विनिर्माण के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापों में लगी हुई है तो सामग्री, श्रम और लागत की अन्य मदों के उपयोग के सम्बन्ध में विशिष्टियां, जहां तक वह ऐसे अन्य उत्पादों या क्रियाकलापों को लागू हों, नियम 2 में निर्दिष्ट किसी भी प्रकार के सोडाक्षार की लागत में सम्मिलित नहीं की जाएंगी।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट लेखा पुस्तकें ऐसी रीति से रखी जाएंगी जिससे कि किसी वित्तीय वर्ष (जिसे इसमें इसके पश्चात् सुसंगत अवधि कहा गया है) के दौरान नियम 2 में निर्दिष्ट किसी भी प्रकार के सोडाक्षार के उत्पादन लागत और विक्रय लागत की संगणना उसमें प्रदर्शित की गई विशिष्टियों में सम्भव हो और ऐसी प्रत्येक लेखा पुस्तकें और अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट प्ररूप कम्पनी के उस वित्तीय वर्ष की, जिससे उसका सम्बन्ध है, समाप्ति से 90 दिन के भीतर पूरे कर लिए जाएंगे।

(3) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (6) और उपधारा (7) में निर्दिष्ट प्रत्येक व्यक्ति का यह

कर्तव्य होगा कि वह कम्पनी द्वारा उपनियम (1) और (2) के उपबन्धों का उसी रूप में अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हर युक्तियुक्त कदम उठाए जिस रूप में वह उक्त अधिनियम की धारा 209 की उपधारा (1) के अधीन अपेक्षित वित्तीय लेखों को रखने के लिए उत्तरदायी है।

4. शास्ति—यदि कोई कम्पनी नियम 3 के उपबन्धों का उल्लंघन करती है तो कम्पनी और उसका प्रत्येक अधिकारी जो व्यतिक्रमी है, जिसमें वह व्यक्ति भी सम्मिलित है जो उस नियम के उपनियम (3) में निर्विष्ट है, जुर्माने से जो 500 रुपए तक हो सकेगा दण्डनीय होगा और जहां उल्लंघन जारी रहता है वहां अतिरिक्त जुर्माने से जो प्रथम दिन के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान ऐसा उल्लघंन होता रहता है, 50 रुपए तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

अनुसूची 1

(नियम 3 देखिए)

I.—**सामग्री** :

(क) कच्ची सामग्री : किसी भी प्रकार के सोडाक्षार के उत्पादन, प्रसंस्करण या विनिर्माण में अपेक्षित और वास्तव में प्रयुक्त कच्ची सामग्री की प्रत्येक मद की प्राप्तियों निर्गमों, और अतिशेषों की मात्रा और लागत दोनों को दर्शित करते हुए उचित अभिलेख रखे जायेंगे। कच्ची सामग्री के इन अभिलेखों में ऐसे विवरण होंगे जिससे कम्पनी कच्ची सामग्री की प्रत्येक मद की प्रतियों (जिसके अन्तर्गत संकर्म पर्यन्त उपगत सभी प्रत्यक्ष प्रभार सम्मिलित है), निर्गमों और अतिशेषों की मात्रा और लागत अवधारित कर सके। वह आधार जिस पर उक्त मात्राओं और लागत की संगणना की गई हो लागत अभिलेखों में स्पष्टतः उपदर्शित किया जाएगा।

(ख) लवण और चूना पत्थर—जहां लवण का उत्पादन कम्पनी द्वारा अपने स्वयं के लवण संकर्म में किया जाता है वह उसके विनिर्माण की लागत को दर्शित करते हुए पृथक अभिलेख ऐसे ब्यौरेवार रखे जाएंगे जिससे कम्पनी उपाबन्ध 1 में या उससे यथाशक्य मिलते जुलते प्ररूप में विशिष्टियां भर सके। जहां चूना पत्थर कम्पनी के या उसके पूर्णतः स्वामित्वाधीन समनुसंगी के स्वामित्वाधीन या उनके द्वारा पट्टे पर दी गई खान से निकाला जाता है वहां चूना पत्थर को निकालने की लागत को दर्शित करते हुए पृथक अभिलेख ऐसे ब्यौरेवार रखे जाएंगे जिससे कि कम्पनी उपाबन्ध V में या उससे यथाशक्य मिलते जुलते प्ररूप में विशिष्टियां भर सके।

(ग) प्रसंस्करण सामग्री—प्रसंस्करण सामग्री, जैसे कि अमोनिया हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन डायोक्साइड या अन्ययग्री की प्रत्येक मद की प्राप्तियों निर्गमों और अवशेषों की मात्रा और लागत दोनो को दर्शित करते हुए उचित अभिलेख रखे जाएंगे। लागत में संकर्म पर्यन्त ऐसे सभी प्रत्यक्ष प्रभार सम्मिलित होंगे जहां वह विनिर्दिष्टत : उपगत किए गए हों। निर्गमों का सम्बन्ध समुचित रूप से विभागों, लागत केन्द्रों और विनिर्मित उत्पादों के साथ होगा।

ऐसे मामले में जहां अन्य प्रसंस्करण रसायन/सोडाक्षार के उत्पादन में अपेक्षित प्रसंस्करण सामग्रियों/रसायनों का विनिर्माण कम्पनी द्वारा किया जाता वहां ऐसी मदों के विनिर्माण की लागत को दर्शित करते हुए पृथक अभिलेख जिसमें उसके उत्पादन के लिए उपभुक्त कच्ची सामग्री तथा उपान्तरण लागत के ब्यौरों को उपदर्शित किया जायेगा, प्ररूप 'क' में या उससे मिलते जुलते किसी अन्य प्ररूप में रखे जाएंगे, जिससे कम्पनी उत्पादित ऐसी प्रसंस्करण सामग्री/रसायनों की लागत का अवधारण कर सके।

ऐसे मामले में जहां कास्टिक सोडा जैसी प्रसंस्करण सामग्रियों का विनिर्माण किया जाता है जो पहले से ही विहित लागत लेखा अभिलेख नियमों के अधीन आती हैं उन नियमों के अनुसार उचित अभिलेख रखे जाएंगे जिससे उन मदों की लागत निकाली जा सके।

(घ) प्रसंस्करण रसायन की प्राप्तियां—विभिन्न प्रसंस्करणों से प्राप्त रसायन की मात्रा और लागत को दर्शित करते हुए उचित अभिलेख रखे जाएंगे। इस प्रकार प्राप्त कतिपय रसायनों के मामले में, जिनका पुनः—प्रसंस्करण में उपयोग न किया जा सके या प्रसंस्करण के बिना जिनका व्ययन न किया जा सके, ऐसे आगे प्रसंस्करण में लगी लागत का पर्याप्त अभिलेख रखा जाएगा। ऐसी मदों के व्ययन के कारण हुई विक्रय वसूलियों को, यदि कोई हो, अभिलेखों में दर्शित किया जाएगा और सुसंगत रसायनों/प्रसंस्करण की लागत में आवश्यक समायोजन किया जाएगा।

(ङ) उपभोज्य भंडार, छोटे औजार, मशीनों के फालतू पुर्जे आदि :—

(i) उपभोज्य भंडार, छोटे औजारों और मशीनों का फालतू पुर्जे की प्रत्येक मद की प्राप्तियों, निर्गमों, अतिशेषों की मात्रा और लागत, दोनों को दर्शित करते हुए उचित अभिलेख रखे जाएंगे। लागत में संकर्म पर्यन्त उपगत सभी प्रत्यक्ष प्रभार, जहां कहीं वे विनिर्दिष्टतः उपगत किए गए हों, सम्मलित होंगे।

(ii) ऐसे उपभोज्य भंडारों और छोटे औजारों की दशा में, जिनकी लागत नगण्य हो कम्पनी, यदि वह ऐसा करना चाहे, ऐसी मदों के मुख्य समूहों के लिए ऐसे अभिलेख रख सकती हैं।

(ii) उपभोज्य भंडारों, छोटे औजारों और मशीनों के फालतू पुर्जों की निर्गम लागत सुसंगत लेखा शीर्षों जैसे कि उत्पादन, संयंत्र और मशीनरी की मरम्मत, भवनों की मरम्मत पर प्रभारित किया जाएगा: पूंजी संकर्मों जैसे कि भवनों, संयंत्रों और मशीनरी में वृद्धि पर उपभुक्त सामग्री और अन्य आस्तियों को सुसंगत पूंजी शीर्षों के अन्तर्गत दर्शित किया जाएगा।

(च) सामग्री का बरबाद होना, खराब होना, अस्वीकृत किया जाना, हानि आदि :—कच्ची सामग्री, प्रसंस्करण सामग्री, उपभोज्य भंडार छोटे औजारों और मशीनों के फालतू पुर्जे की चाहे अभिवहन के दौरान या भंडारकरण या विनिर्माण के दौरान या किसी अन्य कारण से हुई बरबादी, उनकी खराबी, उनके अस्वीकृत किये जाने और नुकसान होने की मात्रा और लागत दर्शित करने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे। उत्पादन की लागत का अवधारण करने में अपरोक्त हानियों तथा अस्वीकृत या बरबाद सामग्रियों जिसमें खराब सामग्री भी है के व्ययन से हुई आय, यदि कोई हो, के समायोजन के लिए अपनाई पद्धति को लागत अभिलेखों में दर्शित किया जाएगा।

II. **वेतन और मजदूरी** :

(क) सभी कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके उपार्जनों तथा उन विभागों, लागत केन्द्रों तथा कार्यों को, जिन पर उन्हें नियोजित किया गया हो, दर्शित करने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे। अभिलेखों में निम्नलिखित तथ्य भी पृथक दर्शित किए जाएंगे।

(i) उपार्जित अतिकाल मजदूरी;

(ii) उपार्जित मात्रानुमाती दर मजदूरी;

(iii) उपार्जित प्रोत्साहन मजदूरी, जो चाहे व्यष्टितः या सामूहिक रूप में उत्पादन बोनस के रूप में या उत्पादन पर आधारित किसी अन्य स्कीम के अन्तर्गत उपार्जित की गई हो;

(iv) नैमित्तिक कार्य में लगाए गए श्रमिकों के उपार्जन।

(ख) निष्कार्य समय की प्रविष्टिया, उसके कारणों का उल्लेख करते हुए, वर्गीकृत शीर्षों के अन्तर्गत पृथक लेखबद्ध की जाएगी । उत्पादन लागत अवधारित करने मे निष्कार्य समय के लिए गए संदायो की गणना करने मे अपनाई गई पद्धति को लागत अभिलेखो मे स्पष्ट किया जाएगा ।

(ग) पूजी संकर्मों, जैसे सयत्रो और मशीनो, भवनों की वृद्धियां या अन्य स्थायी आस्तियों को आबटन योग्य मजदूरी और वेतन सुसगत पूंजी शीर्षों के अन्तर्गत सम्मिलित किए जाएगे ।

III. **सेवा विभाग के खर्च :**

प्रत्येक सेवा विभाग या लागत केन्द्र के व्ययो को उपदर्शित करते हुए विस्तृत अभिलेख रखे जाएंगे । वे खर्च साम्यपूर्ण आधार पर अन्य सेवा और उत्पादन विभाग को प्रभारित किए जाएंगे और निरन्तर वही रहेगे ।

IV. **उपयोगी वस्तुएं :**

(क) जल : विभिन्न विभागो या लागत केन्द्रों मे सोडाक्षार के विनिर्माण के लिए अभिक्रियित और उपभुक्त जल की मात्रा और लागत दर्शित करते हुए उचित अभिलेख ऐसे ब्योरेवार रखे जाएंगे जिससे कपनी इस अनुसूची के उपाबन्ध 1 मे आवश्यक विशिष्टियां दे सके । आबटित अभिक्रियित जल की लागत युक्तियुक्त आधार पर होगी और निरन्तर वही रहेगी ।

(ख) भाप : जहां कंपनी द्वारा भाप तैयार की जाती है वहां तैयार की गई और विभिन्न विभागो या लागत केन्द्रो मे सोडाक्षार के उत्पादन के लिए उपभुक्त भाप की मात्रा और लागत को दर्शित करते हुए समुचित अभिलेख ऐसे ब्योरेवार रखे जाएंगे जिससे कंपनी उपबन्ध 2 मे आवश्यक विशिष्टियां दे सके । सोडाक्षार और कपनी के अन्य एककों द्वारा उपभुक्त भाप की लागत की संगणना युक्तियुक्त आधार पर होगी और निरन्तर वही रहेगी । जहा कपनी के किसी अन्य एकक द्वारा सोडाक्षार संयंत्र के लिए भाप तैयार की जाती है और उसकी आपूर्ति की जाती है वहां इस प्रकार आपूर्ति की गई भाप की लागत युक्तियुक्त आधार पर सोडाक्षार क्रियाकलापों पर प्रभारित की जाएगी और निरन्तर वही रहेगी ।

(ग) विद्युत . क्रय की गई विद्युत की मात्रा और लागत के लिए उचित अभिलेख रखे जाएंगे । जहां कंपनी द्वारा स्वयं विद्युत उत्पादित की जाती है वहां उत्पादित और विभिन्न विभागो या लागत केन्द्रों में सोडाक्षार के उत्पादन के लिए उपभुक्त विद्युत की लागत को दर्शित करने वाले पर्याप्त अभिलेख ऐसे ब्योरेवार रखे जाएंगे जिससे कि कंपनी उपबन्ध 3 मे आवश्यक विशिष्टिया दे सके ।

जहां कंपनी के किसी अन्य एकक द्वारा सोडाक्षार संयत्र के लिए विद्युत उत्पादित की जाती है और उसकी आपूर्ति की जाती है वहां इस प्रकार आपूर्ति की गई विद्युत की मात्रा और लागत के निर्धारण के लिए पर्याप्त अभिलेख रखे जाएंगे । उस एकक द्वारा प्रभारित दर युक्तियुक्त आधार पर होगी और निरन्तर वही रहेगी । सोडाक्षार के उत्पादन के लिए आबंटित विद्युत की लागत युक्ति युक्त आधार पर होगी और निरन्तर वही रहेगी ।

(घ) प्रशीतन : ऐसे मामले में, जहां प्रशीतन सेवा की व्यवस्था की गयी हो, वहा ऐसी सेवा की लागत दर्शित करने वाला पर्याप्त अभिलेख रखा जाएगा । विभिन्न प्रसंस्करण/उत्पादो पर आबंटन के आधार युक्तियुक्त होगे और निरन्तर वही रहेगे ।

V. **कर्मशाला मरम्मत और रखरखाव :**

विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत और विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों द्वारा मरम्मत और रखरखाव पर कर्मशाला द्वारा उपगत खर्चों को दर्शित करने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे । अभिलेखो मे वह आधार भी दर्शित किया जाएगा जिस पर कर्मशाला व्यय को विभिन्न विभागो और लागत केन्द्रो पर प्रभारित किया जाएगा । ऐसे प्रमुख मरम्मत सकर्मों पर खर्चे, जिनसे एक से अधिक वित्तीय वर्ष तक फायदा होना हो, लागत अभिलेखों में सुसंगत अवधि के दौरान विनिर्मित सोडाक्षार की लागत अवधारित करने में उसकी गणना की रीति उपदर्शित करते हुए, पृथक उपदर्शित किए जाएंगे ।

पूजीगत संकर्मों पर उपगत खर्चे पूंजीकृत किए जाएंगे । ऐसे कार्य की लागत में सामग्री, श्रम और अपरिव्यय के अंश (शेयर) सम्मिलित होगे । सोडाक्षार एकक की कर्मशाला द्वारा कंपनी के किसी अन्य एकक के लिए तथा इसके विपरीत किए गए कार्य को युक्तियुक्त आधार पर प्रभारित किया गया जाएगा और निरन्तर वही रहेगा ।

VI. **अवक्षयण :**

(क) जिन स्थायी आस्थियो की बाबत अवक्षयण की व्यवस्था की जानी है उसकी लागत और अन्य विशिष्टियां दर्शित करने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे । इन अभिलेखों मे अन्य बातों के साथ-साथ आस्तियों के प्रत्येक मद की लागत, जिसके अन्तर्गत संस्थापन प्रभार, यदि कोई हो भी है, संस्थापन की तारीख और अवक्षयण की दर भी उपदर्शित की जाएगी । उन आस्तियों के सबध में जिनके अर्जन की मूल लागत बहुत व्यय करने पर या विलम्ब से ही निश्चित की जा सकती हो, इन नियमो के आरंभ होने या उसके पश्चात् वित्तीय वर्ष के आरंभ के प्रथम दिन पुस्तिकाओ में दर्शित मूल्याकन को ही आदि अतिशेष माना जाएगा ।

(ख) जिस आधार पर अवक्षयण की संगणना की जाए और विभिन्न विभागो, लागत केन्द्रो तथा उत्पादों पर उसे प्रभारित किया जाए उसका स्पष्ट उल्लेख अभिलेखो में किया जाएगा । विभिन्न विभागो और लागत केन्द्रों पर प्रभारित अवक्षयण, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 205 की उपधारा (2) के उपबन्धो के अनुसरण में प्रभार्य अवक्षयण की रकम से कम नही होगा और वह ऐसे विभागों और लागत केन्द्रों में उपयोग में लाए गए संयंत्रो, मशीनो तथा अन्य स्थायी आस्तियो से सम्बद्ध होगा । ऐसी दशा में, जब किसी वित्तीय वर्ष मे लागत अभिलेखों मे प्रभारित अवक्षयण की राशि कंपनी अधिनियम 1956 के उपरोक्त उपबन्धों के अधीन प्रभार्य अवक्षयण की राशि से अधिक हो तो इस प्रकार प्रभार्य अधिक राशि तथा उत्पादन की एकक लागत पर ऐसे अधिक अवक्षयण का आपतन लागत अभिलेखों में स्पष्टतः दिखाया जाएगा । किन्तु आस्तियो की किसी एकल मद के प्रति लागत अभिलेखो में प्रभारित सम्पूर्ण अवक्षयण संबंधी प्रभार अपनी-अपनी आस्तियों के मूल लागत से अधिक नही होगा ।

VII. **उपरि व्यय :**

उपरि व्यय से युक्त खर्च की विभिन्न मदो को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाऐगे । इन व्ययों को संकर्म, प्रशासन और विक्रय तथा वितरण उपरि व्ययों के रूप मे विश्लेषित, वर्गीकृत, और श्रेणीकृत किया जाएगा । जहां कंपनी सोडाक्षार के अतिरिक्त किसी अन्य उत्पाद के विनिर्माण में भी लगी हो वहां अभिलेखो में वह आधार स्पष्ट, रूप से उपदर्शित किया जाएगा, जिसके अनुसार सामान्य उपरि व्ययों को जिसके अंतर्गत कंपनी के मुख्यालय व्यय भी है, सोडाक्षार क्रियाकलाप और अन्य क्रियाकलापों पर प्रभारित किया जाएगा । उन मामलो में, जिसमें उपरि व्ययों के उपरोक्त प्रवर्गों में सम्मलित किसी व्यय का संबंध किसी विशिष्ट क्रियाकलाप या उत्पाद से स्थिर किया जा सके ऐसे व्यय को पृथक कर दिया जाएगा और प्रथम दृष्टया सुसंगत क्रियाकलाप या उत्पाद पर प्रभारित किया जाएगा और तत्पश्चात् उपरि व्ययों के उपरोक्त प्रवर्गों के अधीन सामान्य व्ययो को साम्यापूर्ण आधार पर आबंटित किया जाएगा

और निन्तर वही रहेगा । पूंजीकृत संकर्मों को आवंटनीय उपरि व्ययों को लागत अभिलेखों में पृथक दर्शित किया जाएगा । उपरोक्त प्रवर्ग के उपरि व्ययों को उत्पादों के प्रति उद्ग्रहीत करने और उपयोग करने के लिए अनुसरण की गई पद्धति लागत अभिलेखों में दर्शित की जाएगी । उपरि व्ययों के उद्ग्रहण और उपयोग के लिए अनुसरण किया जाने वाला आधार साम्यापूर्ण होगा और निरन्तर वही रहेगा ।

(ख) विक्रय उपरि व्ययों को जिसमें नियम 2 में निर्दिष्ट विभिन्न प्रकार के सोडाक्षारों में से सोडाक्षार की बाबत विक्रय और वितरण उपरि व्यय सम्मिलित हैं, विभिन्न उत्पादों से संबंधित लागत विवरणी में दर्शित किए जाएंगे । सामान्य विक्रय व्ययों के मामले में वह आधार जिस पर ऐसे व्ययों को विभिन्न उत्पादों पर आवंटित किया गया हो लागत अभिलेखों में दर्शित किया जाएगा ।

VIII. अनुसंधान और विकास व्यय :

कंपनी द्वारा प्रकृति, अर्थात् विद्यमान उत्पादों और नए उत्पादों का विकास, विद्यमान उत्पाद और नए उत्पाद का प्रसंस्करण, संयंत्र प्रसुविधाओं की अभिकल्पना और विकास, विद्यमान उत्पादों और नए उत्पादों के लिए बाजार अनुसंधान, के अनुसार सोडाक्षार के अनुसंधान और विकास के लिए उपगत व्ययों, यदि कोई हों, के ब्यौरों को दर्शित करते हुए उचित अभिलेख पृथक रखे जाएंगे । जहां भी ऐसे अनुसंधान व्ययों का उपयोग एक से अधिक वित्तीय वर्षों तक विस्तारित होता है, वहां ऐसे व्ययों को अस्थगित व्ययों के रूप में माना जाएगा और उन्हें उत्पादों की लागत पर साम्यापूर्ण आधार पर प्रभारित किया जाएगा; जिसका निरन्तर अनुसरण किया जाएगा । वर्ष के दौरान उत्पादन की चालू लागत पर इन व्ययों को प्रभारित किए जाने में अनुसरण की गई पद्धति सुसंगत लागत अभिलेखों में उपदर्शित की जाएगी और ऐसा व्यय सोडाक्षार और अन्य उत्पाद पर साम्यापूर्ण आधार पर प्रभारित किया जाएगा और निरन्तर वही अपनाया जाएगा ।

IX. निर्यात पर खर्चे :

सोडाक्षार के निर्यात, यदि कोई हो, पर उपगत व्ययों को दर्शित करने वाले अभिलेख पृथक रूप से रखे जाएंगे ताकि निर्यात व्ययों की लागत सही सही अवधारित की जा सके । निर्यात पर उपगत व्यय तथा अपार्जित निर्यात प्रोत्साहन निर्यात विक्रय से संबंधित लागत विवरणियों से स्पष्टतः प्रगट होना चाहिए ।

X. उपोत्पादन :

उत्पादित उपोत्पाद, यदि कोई हो, की प्रत्येक मद के लिए प्राप्तियों निर्गमों और अतिशेषों की मात्रा और मूल्य दोनों को दर्शित करते हुए उचित अभिलेख रखे जाएंगे । उपोत्पादों के उनकी अपने-अपने प्रसंस्करणों के जमाखाते करने के लिए मूल्यांकन के लिए अपनाए गए आधार साम्यापूर्ण होंगे और निरन्तर वही रहेंगे । आगे प्रसंस्करण, यदि कोई हो, पर उपगत व्ययों तथा उपोत्पादों के वास्तविक विक्रय वसूलियों को दर्शित करते हुए अभिलेख रखे जाएंगे ।

XI. स्वउपभोग के लिए सोडाक्षार का अन्तरण :

स्वउपभोग के लिए कंपनी के अन्य विभाग या एकक को अन्तरित सोडाक्षार की मात्रा और लागत को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे । ऐसे अन्तरण लागत पर किए जाएंगे और उन्हें लागत अभिलेखों में स्पष्ट किया जाएगा ।

XII. पैकिंग :

विभिन्न प्रकार के पैकिंग सामग्रियों, जैसे कि लोहियों, पोलिथिन के थैले, की मात्रा और लागत और सोडाक्षार को बाजार में भेजने के लिए उपयोग में लाए गए पैकों के विभिन्न आकारों की बाबत उपगत मजदूरी और अन्य व्ययों के समुचित अभिलेख रखे जाएंगे । जहां ऐसा व्यय अन्य उत्पादों, जिसमें सोडाक्षार सम्मिलित है के लिए भी सामूहिक रूप से उपगत किया जाता है वहां सुसंगत उत्पादों के बीच व्ययों के प्रभाजन का आधार लागत अभिलेखों में स्पष्टतः उपदर्शित किया जाएगा और निरन्तर उसे ही अपनाया जाएगा । निर्यात पैकिंग पर उपगत व्ययों का ब्यौरेवार अभिलेख भी पृथक रखा जाएगा और निर्यात के सुसंगत लागत विवरणियों में दिखाया जाएगा ।

XIII. चालू कार्य और तैयार माल स्टाक :

चालू कार्य और तैयार माल स्टाक की लागत के अवधारण के लिए अनुसरण की गई पद्धति लागत अभिलेखों में उपदर्शित की जाएगी ताकि लागत के उन उपादानों को परिलक्षित किया जा सके जो ऐसी संगणना में सम्मिलित किए गए हैं । अपनाई गई पद्धति का निरन्तर अनुसरण किया जाएगा ।

XIV. लागत विवरणी :

(क) यदि कम्पनी विक्रय के लिए या अपने स्वयं के उपयोग के लिए किसी भी प्रकार के सोडाक्षार का विनिर्माण करती है तो प्रत्येक प्रकार के लिए लागत अनुसूची 2 के प्ररूप 'ख' में पृथक रूप में दर्शित की जाएगी ।

(ख) जहां एक प्रसंस्करण(णों) से एक से अधिक उत्पाद उद्भूत होती है, जैसे कि क्लोरीनेशन, वहां लागत संयुक्त उत्पाद पर किसी युक्तियुक्त आधार पर आवंटित की जाएगी और सुसंगत अवधि के दौरान निरन्तर वही अपनाया जाएगा । वह आधार जिस पर ऐसी संयुक्त लागत को प्रसंस्करण(णों) से उद्भूत विभिन्न उत्पादों पर आवंटित की जाएगी लागत अभिलेखों में दर्शित किया जाएगा और लागतों को अनुसूची 2 के प्ररूप 'ख' में दर्शित किया जाएगा ।

(ग) किसी प्रसंस्करण से उद्भूत ऐसी सामग्री, जो पश्चात्वर्ती प्रसंस्करण के लिए कच्ची सामग्री का काम करती है, की लागत का मूल्यांकन अनुसूची 2 के प्ररूप 'क' में तथा विनिर्दिष्ट रूप में पूर्ववर्ती प्रक्रम तक उत्पादन की लागत पर किया जाएगा ,

(घ) सोडाक्षार के निर्यात को अनुसूची 2 के प्ररूप 'ग' में पृथक लागत विवरणी में वर्णित किया जाएगा और उसे घरेलू बाजार में विक्रय के लिए आशयित लागत विवरणी में सम्मिलित नहीं किया जाएगा ।

XV. उत्पादन अभिलेख :

कम्पनी द्वारा विक्रय के लिए जारी किए गए सभी तैयार और पैक किए गए उत्पादनों तथा कम्पनी द्वारा उत्पादित विभिन्न सोडाक्षार के प्रतिशेषों का मात्रात्मक अभिलेख रखा जाएगा । प्रत्येक प्रकार के उत्पाद के लिए सभी तैयार और पैक किए गए उत्पादनों की लागत ब्यौरेवार रखी जाएगी ।

XVI. लागत और वित्तीय लेखाओं का समाधान :

शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए लागत अभिलेखों का समाधान समय समय पर वित्तीय लेखा पुस्तिकाओं से किया जाएगा । यदि कोई परिवर्तन किए गए हों तो उन्हें स्पष्ट रूप से दर्शाया या स्पष्ट किया जाएगा । जिस अवधि के लिए ऐसा समाधान किया जाना है वह कम्पनी के वित्तीय वर्ष की अवधि से अधिक नहीं होगा । समाधान ऐसी रीति से किया जाएगा

कि वित्तीय लेखाओं की आवश्यकता ठीक ढंग से आंकी जा सके और कम्पनी के अन्य लेखाओं से उसका तालमेल बैठाया जा सके। कम्पनी द्वारा उपगत कुल व्यय, उसके द्वारा प्राप्त आय और सोडाक्षार क्रियाकलापों से संबद्ध शीर्षों (मदों) को दर्शाने वाली एक विवरणी वित्तीय लेखाओं के साथ समुचित समाधान के पश्चात् अनुसूची 2 के प्रारूप के रूप में रखी जाएगी।

17. लागत अन्तरों का समायोजन :

जहां कम्पनी लागत अभिलेखों को वास्तविक से भिन्न किसी आधार, जैसे कि मानक लागत पर रखती है वहां अभिलेखों में कम्पनी द्वारा उस पद्धति के अन्तर्गत उत्पादों की लागत की संगणना के लिए अपनाई गई प्रक्रिया प्रकट होनी चाहिए। उत्पादों की वास्तविक लागत के अवधारण में लागत अन्तरों के समायोजन के लिए अपनाई गई पद्धति लागत अभिलेखों में स्पष्टतः दर्शित की जाएगी। लागत अन्तरों को अनुसूची 2 के संबन्धित प्ररूप में पुर्णांक शीर्षों के सामने दर्शित किया जाएगा। अन्तर होने के कारणों को लागत अभिलेखों में बताया जाएगा।

18. वास्तविक सत्यापन के अभिलेख :

स्टाक में रखे गए समस्त मदों, जैसे कि कच्ची सामग्री रसायन, पैकिंग सामग्री, उपभोज्य भंडार, मशीनों के फालतू पुर्जे, ईंधन, तैयार माल और नियत आस्तियों, के संबन्ध में वास्तविक सत्यापन के अभिलेख रखे जाएंगे। ऐसे सत्यापन से प्रगट होने वाली कमियों या बढ़ोत्तरियों के कारण और उत्पादन की लागत में उनके समायोजन के लिए अपनाई गई पद्धति अभिलेखों में उपदर्शित की जाएगी।

19. अन्तर कम्पनी स्वव्यवहार :

कम्पनी द्वारा अपनी नियंत्री कम्पनी या समनुषंगी या उसी के प्रबन्ध के अधीन कम्पनी, जैसा कि कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 370(1)-ख में परिभाषित किया गया है या ऐसी कम्पनी जिसमें कम्पनी का निदेशक ऐसी कम्पनी में भी निदेशक है तथा उसके विपरीत की गई आपूर्तियों या सेवाओं के संबन्ध में अभिलेख रखे जाएंगे जिनमें निम्नलिखित के संबन्ध में की गई संविदाओं, किए गए करारों तथा समझौतों को वर्णित किया जाएगा:--

(क) कच्ची सामग्री, प्रसंस्करण सामग्री, तैयार उत्पाद, नियत आस्तियों तथा उपोत्पाद् का क्रय और विक्रय ;

(ख) संयंत्र सुविधाओं का प्रयोग ;

(ग) उपयोगी वस्तुओं की आपूर्ति , और

(घ) प्रशासनिक, तकनीकी प्रबन्ध संबन्धी तथा कोई अन्य परामर्शी सेवा।

इन अभिलेखों में वह आधार उपदर्शित किया जाएगा जिसका अनुसरण पक्षों के बीच प्रभारित की गई दरों की संगणना के लिए किया गया हो, जिससे ऐसी सेवाओं के लिए प्रभारित या संदत्त दरों के औचित्य का अवधारण किया जा सके।

20. सांख्यिकीय अभिलेख :

उपलभ्य मशीन घंटे, कार्य किए गए वास्तविक मशीन घंटे, उनके नष्ट होने के कारणों को वर्गीकृत शीर्षों के अधीन दर्शित करते हुए, लक्ष्य की विनिर्दिष्टि की अपेक्षा से सोडाक्षार की उपलब्धि का प्रतिशत, प्रति मशीन घंटे उत्पादन, सोडाक्षार के प्रति टन भट्ठी तेल की खपत, सोडाक्षार के प्रति टन जल और शीतल जल की खपत, सोडाक्षार उत्पाद के प्रति टन मुख्य रसायनों की खपत जैसे सांख्यिकीय आंकड़े रखे जाएंगे। ऐसे अभिलेख भी रखे जाएंगे जिससे कि कम्पनी सोडाक्षार निर्माण क्रियाकलापों में पृथक रूप से लगाई गई पूंजी को यथा संभव जान सके। अभिलेख में नियत आस्तियों में ऐसे नए विनिधान को भी वर्णित किया जाएगा जिससे सुसंगत अवधि के दौरान उत्पादन में कोई मदद न मिली हो। अभिलेख में इसके अतिरिक्त पुनर्स्थापन (रिप्लेसमेंट) के रूप में तथा विद्यमान क्षमता में वृद्धि के लिए जोड़ी गई आस्तियों को पृथक दिखाया जाएगा।

इस अनुसूची और अनुसूची 2 के अनुसरण में रखे गए सांख्यकीय और अन्य अभिलेख ऐसे होंगे जिससे कि कम्पनी, जहां तक संभव हो, प्रचालन और लागत पर नियंत्रण रख सकें और लागत संपरीक्षक द्वारा अपेक्षित आंकड़े दे सकें जिससे कि वह समय समय पर लागत संपरीक्षा (रिपोर्ट) नियम, 1968 में निर्दिष्ट सभी विषयों पर उचित रिपोर्ट दे सकें। लागत अभिलेख 1968 में निर्दिष्ट सभी विषयों पर उचित रिपोर्ट दे सकें। लागत अभिलेख में रखे गए आंकड़ों का समायोजन कम्पनी द्वारा उत्पाद शुल्क और अन्य प्राधिकारियों को दिए गए लागत अभिलेखों के साथ किया जाएगा।

उपाबन्ध-- 1

कम्पनी का नाम ....

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता............

............को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान जब भी अभिक्रिया शीत मृदुलन/ऊष्म मृदुलन/उपभोग जल की लागत दर्शाने वाला विवरण

अभिक्रियित जल की मात्रा............................ ।

क्रम संख्या	विशिष्टियां	मात्रा (यूनिटें)	दर (रु०)	रकम (रु०)	अभिक्रियित शीत मृदुलित उष्म मृदुलित जल की प्रत्येक किलो लीटर लागत
1	2	3	4	5	6
1. जल रायल्टी					
2. रसायन					
(क)					
(ख)					
(ग)					
3. भंडार					
4. विद्युत					
5. वेतन और मजदूरी					
6. मरम्मत और रखरखाव					
7. उपरि व्यय					
8. अवक्षयण					
योग					
9. घटाएं : जमाखाते की गई रकम, यदि कोई हो					
10. शुद्ध योग					

निम्नलिखित के लिए उपभोग	यूनिटों की संख्या	रकम (रु०)
(1) भाप		
(2) विद्युत		
(3) अन्य सेवा विभाग		
(4) डी मैंग संयंत्र		
(5) सोडाक्षार लवण जल परिस्करणी		
(6) कार्बनेटिंग टावर		
(7) सोडाक्षार फिल्टर		
(8) एच 2 एस संयंत्र		
(9) सोडाक्षार बेट		
(10) अन्य		

टिप्पण :

(1) यदि अभिक्रियित जल किसी अन्य बाहरी पक्षकार को प्रदत्त किया जाए तो की गई वसूलियों के लिए आवश्यक जमा खाते की रकमें मद 9 के सामने की जाएंगी ।

(2) जहां मीटर नही लगे हों वहां अभिक्रियित जल का उपयोग युक्तियुक्त आधार पर निर्धारित किया जाएगा और निरन्तर उसे ही अपनाया जाएगा ।

(3) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल प्ररूप 'ग' और 'घ' में दर्शित किए जाएंगें ।

उपाबन्ध-2

कम्पनी का नाम----------

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता----------

----------को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान तैयार की गई/उपयुक्त भाप की लागत को दर्शाने वाला विवरण।

तैयार की गई भाप की मात्रा----------।

क्रम सं०	विशिष्टियां	मात्रा (यूनिटें)	दर (रु०)	रकम (रु०)	तैयार की गई भाप की प्रति टन लागत
1	2	3	4	5	6
1.	जल (उपाबन्ध 1 के अनुसार)				
2	ईंधन।				
	(क) कोयला				
	(ख) ईंधन तेल				
	(ग) बिजली				
	(घ) अन्य ईंधन, यदि कोई हो, (विनिर्दिष्ट करें)				
3	अन्य प्रत्यक्ष व्यय (जैस व्यालयर निरीक्षण फीस आदि)				
4.	उपभोज्य भण्डार				
5.	वेतन और मजदूरी				
6	मरम्मत और रखरखाव				
7.	उपरिव्यय				
8.	अवक्षयण				
9.	योग				
10.	घटाएं :--(क) बिजली के उत्पादन के लिए विद्युत गृहों द्वारा उपयोग में लाई गई सशक्त भाप की लागत				
	(ख) कम्पनी की अन्य यूनिटें				
	(ग) बाहरी पक्षकार				
11.	सशक्त भाप की मात्रा और लागत				

	यूनिटें	रकम (रु०)
निम्नलिखित में उपभुक्त ।		
(i) विद्युत उत्पादन		
(ii) कम्पनी के अन्य एकक		
(iii)		
(iv)		

टिप्पण :-- (1) यदि भाप किसी अन्य बाहरी पक्षकार को प्रदत्त की जाए तो की गई वसूलियों के लिए आवश्यक जमाखाते की रकम मद 10 (ग) के सामने दी जाएगी।

(2) जहां मीटर नहीं लगे हो वहां भाप का उपभोग युक्ति-युक्त आधार पर निर्धारित किया जाएगा और निरन्तर उसे ही अपनाया जाएगा ।

(3) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल अनुसूची 2 में प्ररूप 'ग', 'घ' में दर्शित किए जाएंगे।

उपाबन्ध- 3

कम्पनी का नाम----------

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता----------

----------को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान उत्पादित/खरीदी गई और उपभुक्त विद्युत की लागत को दर्शाने वाला विवरण

उत्पादित यूनिटों की संख्या	किलोवाट
खरीदी गई यूनिटो की संख्या	किलोवाट
विद्युत गृहों में उपभोग, जिसमें अन्य हानियां सम्मिलित हैं	किलोवाट
शुद्ध उपभुक्त यूनिट	किलोवाट

क्रम संख्या	विशिष्टियां	मात्रा (यूनिट)	दर (रु०)	रकम (रु०)
1	2	3	4	5
क. 1.	(क) भाप (उपाबन्ध 2 के अनुसार या खरीदी गई)			
	(ख) अन्य सामग्री (यदि कोई हो विनिर्दिष्ट करें)			
2.	उपभोज्य भण्डार			
3.	अन्य प्रत्यक्ष प्रभार (जैसे कि विद्युत शुल्क इत्यादि)			
4.	वेतन और मजदूरी			
5.	मरम्मत और रखरखाव			
6.	उपरिव्यय			
7.	अवक्षयण			
8.	योग (1 से 7)			
9.	घटाएं :--निम्नलिखित के जमाखाते की गई रकमें			
	(क) कम्पनी की अन्य यूनिटें			
	(ख) बाहरी पक्षकार			
10.	उत्पादित विद्युत की शुद्ध लागत			
ख.	खरीदी गई विद्युत			
	योग (क+ख)			
	घटाएं : वसूली, यदि कोई हो,			

निम्नलिखित में उपभुक्त	मात्रा	रकम (रु०)
(i) जल अभिक्रियण		
(ii) भाप उत्पादन		
(iii)		
(iv)		

टिप्पण :--(1) प्रति यूनिट लागत, विद्युत गृह में उपभुक्त और अन्य हानियों की कटौती करने के पश्चात् उपयोग के लिए उपलब्ध विद्युत की शुद्ध यूनिटों के प्रति निर्देश से निकाली जाएगी।

(2) जहां मीटर नहीं लगाए गए हों वहां विद्युत के उपभोग को युक्तियुक्त आधार पर निर्धारित किया जाएगा और निरन्तर उसे ही अपनाया जाएगा।

(3) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल अनुसूची 2 के प्ररूप 'ग' और 'घ' में ही दर्शित किया जाएगा किसी अन्य प्ररूप में नहीं।

(4) बाहर के पक्षकारों आदि को विद्युत के विक्रय से हुई वसूली, यदि कोई हो, मद 9 के सामने पृथक रूप से दर्शित की जाएगी।

उपाबन्ध-4

कम्पनी का नाम .....

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता.....

.....को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान उत्पादित और सोडाक्षार के उत्पादन में प्रयुक्त लवण की लागत को दर्शाने वाला विवरण।

क्रम संख्या	विशिष्टियां	मात्रा (मीटर टन)	रकम (रु०)
1	2	3	4
1.	लवण का आदि अतिशेष		
2.	उत्पादित लवण की मात्रा और निम्नानुसार सम्बन्धित व्यय :		
	(i) मजदूरी और वेतन		
	(ii) रायलटी		
	(iii) परिवहन प्रभार		
	(iv) मरम्मत और रखरखाव		
	(v) अवक्षयण		
	(vi) अन्य उपरि व्यय		
	योग		

टिप्पण :--(1) यह प्ररूप वहां भरा जाएगा जहां लवण कम्पनी द्वारा विनिर्मित किया जाता है।

(2) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल प्ररूप 'ग' और 'घ' में दर्शित किए जाएंगे।

उपाबन्ध-5

कम्पनी का नाम.....

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता.....को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान कम्पनी की खदानों से निकाला गया और सोडाक्षार के उत्पादन में प्रयुक्त चूना पत्थर की लागत को दर्शाने वाला विवरण ।

1. निकाली गई मात्रा — मीटरी टन
2. अस्वीकृतियों को घटाएं
3. निकाली गई शुद्ध मात्रा
4. संकर्म तक परिवहन की गई शुद्ध मात्रा
5. हटाई गई उपरी मलबे की मात्रा

क्रम संख्या	विशिष्टियां	मात्रा (मीटरी टन)	दर (रु०)	रकम (रु०)	प्रति मीटर टन लागत	
					चालू वर्ष (रु०)	पूर्ववर्ती वर्ष (रु०)
1	2	3	4	5	6	7
1.	खदान पर चूना पत्थर का आदि अतिशेष					
2.	निकाली गई मात्रा और निम्नानुसार संबंधित व्यय :					
	(i) मजदूरी और वेतन					
	(ii) भण्डार					
	(iii) रायल्टी, डूबन्त भाटक (डेड रेंट) आदि					
	(iv) विद्युत और ईंधन					
	(v) मरम्मत और रखरखाव					
	(vi) अवक्षयण					
	(vii) अन्य उपरि व्यय					
3.	योग 2(i) से 2(vii)					

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
4. योग ऊपरी (1) और (3)						
5. घटाएं : अन्त अतिशेष						
6. संकर्म के लिए अन्तरित मात्रा						
7. संकर्म के लिए परिवहन प्रभार						
8. संकर्म पर कुल लागत (मात्रा और लागत)						
9. संकर्म पर स्टाक के आदि और अन्त अतिशेष के लिए समायोजन						
10. सोडाक्षार के लिए अन्तरित						
11. अन्य क्रियाकलापों के लिए अन्तरित						

टिप्पण : (1) मद संख्या 2(i) से 2(vii) तक की बाबत प्रति टन लागत निकाली गई मात्रा के आधार पर होगी और मद संख्या 7 की बाबत संकर्म के लिए परिवहन की गई मात्रा के आधार पर होगी।

(2) यह प्ररूप वहां भरा जाएगा जहां कम्पनी चूना पत्थर खादान का, वह चाहे उसके स्वामीत्वाधीन को या पट्टे पर हो, संचालन करती है।

(3) प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल प्ररूप 'ग' और 'घ' में ही दर्शित किए जाएंगे।

प्ररूप 'क'

अनुसूची-II

(नियम 3 देखिए)

कम्पनी का नाम...

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता...को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान विनिर्मित और अन्य रसायनों या सोडाक्षार के उत्पादन में उपयोग में लाई गई प्रसंस्करण सामग्री/रसायन की लागत को दर्शाने वाला विवरण।

क्रम सं०	विशिष्टियां	मात्रा (यूनिटें)	दर (रु०)	कुल लागत (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. स्टाक का आदि अतिशेष				
2. उत्पादित मात्रा और निम्नानुसार संबंधित व्यय :				
(i) (क) कच्ची सामग्री (विनिर्दिष्ट करें)				
(ख) विनिर्मित प्रसंस्करण रसायन, यदि कोई हों (विनिर्दिष्ट करें)				
(ii) उपभोज्य भण्डार (उनसे भिन्न जिन्हें मरम्मत और रखरखाव के लिए आबंटित किया गया हो)				
(iii) वेतन और मजदूरी				
(iv) उपयोगी वस्तुएं :				
(क) जल				
(ख) भाप				
(ग) विद्युत				
(घ) प्रशीतन				
(v) मरम्मत और रखरखाव				
(vi) अन्य संकर्म उपरि व्यय				
(vii) अवक्षयण				
(viii) प्रशासन ऊपरि व्यय				
3. 2(i) से 2(viii) का योग				
4. लागत अन्तरों का समायोजन (जहां मानक लागत पद्धति अपनाई गई हो) :				
(क) सामग्री				
(ख) श्रम				
(ग) ऊपरि व्यय				
5. (3) और (4) का योग				

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

6. घटाएं : उपोत्पादों/बरबादियों, यदि कोई हो, का वसूलनीय मूल्य
7. योग
8. चालू कार्य के आरंभिक और अन्तिम स्टाक का समायोजन
9. योग
10. योग (1) और (9)
11. घटाएं : स्टाक का अन्त अतिशेष
12. अन्तरण के लिए उपलब्ध प्रसंस्करण रसायन की कुल लागत

निम्नलिखित के लिए अन्तरित	मात्रा	मूल्य
(i) अन्य प्रसंस्करण रसायन, यदि कोई हो,		
(ii) सोडाक्षार (प्ररूप 'ख'/ख 1)		
(iii) अन्य विभाग		

टिप्पण : (1) इस प्ररूप का उपयोग कम्पनी द्वारा विनिर्मित और सोडाक्षार और अन्य प्रसंस्करण रसायन के उत्पादन में प्रयुक्त प्रत्येक प्रसंस्करण रसायन, जैसे कि शोधित लवण जल, दूधिया चूना, अमोनिया, अमोनियम क्लोराइड, सल्फरेटेड हाइड्रोजन आदि के लिए किया जाएगा।

(2) वह आधार जिस पर अस्वीकृतियों और बरबादियों का वसूलनीय मूल्य निर्धारित किया जाएगा स्पष्टतः उपदर्शित किया जाएगा। ऐसी मदों के व्ययन के लिए उपगत व्यय, यदि कोई हो, मद 6 के अंकों को निकालने के लिए व्ययन मूल्य से काट लिया जाएगा।

(3) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार प्ररूप 'ग' और 'घ' में ही दिखाये जाएंगे।

प्ररूप 'ख'

कम्पनी का नाम.....

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता.....को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान सोडाक्षार.....(प्रकार हल्का/साधारण सघंन/सघंन और पैकिंग के लिए अन्तरित) की लागत को दर्शाने वाला विवरण।

क्रम सं०	विशिष्टियां	उत्पादित मात्रा	चालू वर्ष			पूर्ववर्ती वर्ष	
			मात्रा	दर	रकम	प्रति टन लागत	
						चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
			(यूनिटें)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)
(1)	(2)		(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

1. स्टाक का आदि अतिशेष
2. उत्पादित मात्रा और निम्नानुसार संबंधित व्यय :
   (i) कच्ची सामग्री (खरीदी गई) (मदों को विनिर्दिष्ट करें)
   (ii) प्ररूप 'क' के अनुसार संकर्म के भीतर विनिर्मित प्रसंस्करण रसायन (मदों को विनिर्दिष्ट करें)
   (iii) उपभोज्य भण्डार (उससे भिन्न जो मरम्मत और रखरखाव के लिए आबंटित है)
   (iv) वेतन और मजदूरी
   (v) उपयोगी सामग्री :
      (क) जल
      (ख) भाप
      (ग) विद्युत्
      (घ) प्रशीतन
   (vi) मरम्मत और रखरखाव
   (vii) अन्य संकर्म उपरि व्यय
   (viii) अवक्षयण
   (ix) प्रशासन उपरि व्यय
   (x) (+)लागत अन्तरों के लिए समायोजन, यदि कोई हो
      (क) सामग्री
      (ख) श्रम
      (ग) उपरि व्यय

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

3. योग 2(i) से (2) (x).
4. घटाएं : वसूलियों के जमाखाते, यदि कोई हों (विनिर्दिष्ट करें)
5. योग
6. चालू कार्य के प्रारंभ और अन्य के लिए समायोजन
7. स्वउपभोग के लिए समायोजन
8. योग
9. योग (1) और (8)
10. घटाएं : स्टाक का अन्त अतिशेष
11. पैकिंग के लिए खुले सोडाक्षार की कुल लागत (प्ररूप 'ग' में अन्तरित)

(+) केवल मानक लागत पद्धति पर अभिलेख रखने वाली कम्पनियों को लागू।

टिप्पण : (1) इस प्ररूप में समुचित मदों को उचित रूप से भरते हुए विनिर्मित विभिन्न प्रकार के सोडाक्षार की बाबत पृथक लागत विवरणियां रखी जाएंगी।

(2) बहु उत्पाद एककों के मामले के निर्देशाधीन उत्पाद के लिए मुख्य कार्यालय व्यय और अन्य सामान्य उपरि व्ययों का प्रभाजन साम्यपूर्ण होगा।

(3) वह आधार, जिन पर अस्वीकृतियों और बरबादियों के वसूलनीय मूल्य का अवधारण किया जाए, स्पष्टतः उपदर्शित किया जाएगा। ऐसी मदों के व्ययन के लिए उपगत खर्चे, यदि कोई हो, मद 4 के अंकों को निकालने के लिए व्ययन मूल्य से काट लिए जाएंगे।

(4) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपबंध की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल प्ररूप 'ग' और 'घ' में दर्शित किए जाएंगे।

प्ररूप 'ख 1'

कम्पनी का नाम .....

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता .....

समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान उत्पादित संयुक्त उत्पादों के रूप में सोडाक्षार ..... (प्रकार—हल्का/साधारण सघं/सघंन) की लागत को दर्शाने वाला विवरण।

	चालू वर्ष (मीटर टन)	पूर्ववर्ती वर्ष (मीटर टन)
सोडाक्षार की मात्रा		
अमोनियम क्लोराइड की मात्रा		

क्रम सं०	विशिष्टियां	मात्रा	दर	रकम	प्रति टन लागत	
					चालू वर्ष (रु०)	पूर्ववर्ती वर्ष (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

1. सोडाक्षार का आदि अतिशेष
2. उत्पादित मात्रा और निम्नानुसार संबंधित व्यय :
   (i) कच्ची सामग्री (खरीदी गई) (मदों को विनिर्दिष्ट करें)
   (ii) विनिर्मित प्रसंस्करण रसायन
   (प्ररूप 'क' के अनुसार)
   (मदों को विनिर्दिष्ट करें)
   (iii) उपभोज्य भण्डार उनसे भिन्न जिन्हें मरम्मत और रखरखाव के लिए आवंटित किया गया हो)
   (iv) वेतन और मजदूरी
   (v) उपयोगी वस्तुएं
      (क) जल
      (ख) भाप
      (ग) विद्युत्
      (घ) प्रशीतन

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
	(vi) मरम्मत और रख-रखाव					
	(vii) अन्य सकर्म उपरि व्यय					
	(viii) अवक्षयण					
	(ix) प्रशासन उपरि व्यय					
	(x) (+) लागत अन्तरोज के लिए समायोजन, यदि कोई हो					
	(क) सामग्री					
	(ख) श्रम					
	(ग) उपरि व्यय					
3.	योग 2(i) से !(x)					
4.	घटाएं : वसूलियों के लिए जमाखाते, यदि कोई हों					
5.	योग					
6.	चालू कार्य के आदि और अन्त के लिए समायोजन					
7.	योग					
8	घटाएं : उत्पादित अमोनियम क्लोराइड या किसी अन्य उत्पाद की मात्रा या उससे संबंधित व्ययों का अंश					
9	उत्पादित सोडागार की मात्रा और लागत					
10.	सोडाक्षार के स्वउपभोग्य के लिए समायोजन					
11.	साडाक्षार के उत्पादन की शुद्ध लागत					
12.	(1(और (2) का योग					
13.	घटाएं : सोडाक्षार का अन्त अतिशेष					
14.	पैकिंग के लिए खुले सोडाक्षार की कुल लागत (प्ररुप 'ग' में अन्तरित)					

(+) उन कम्पनियों को लागू जो केवल मानक लागत पद्धति पर अभिलेख रखती हैं।

टिप्पण: (1) विनिमित विभिन्न प्रकार के सोडाक्षार की बाबत पृथक लागत विवरणियां रखी जाएंगी।

(2) बहु उत्पाद एककों के मामले में निर्देशाधीन उत्पाद पर मुख्य कार्यालय व्ययों और अन्य सामान्य उपरि व्ययो का प्रभाजन साम्यापूर्ण होगा।

(3) सोडाक्षार और अमोनियम क्लोराइड/अन्य संयुक्त उत्पादों के बीच व्ययों के आबंटन का आधार स्पष्टतः दिखाया जाएगा।

(4) वह आधार जिस पर अस्वीकृतियों, बरबादियों के लिए वसूलनीय मूल्य अवधारित किया जाता है स्पष्टतः उपदर्शित किया जाएगा। ऐसी मदों के व्ययन के लिए उपगत व्यय को, यदि कोई हो, मद 4 के अंकों को निकालने में व्ययन मूल्य से काट लिया जाएगा।

(5) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपदान की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल प्ररुप 'ग' और 'घ' में दर्शित किया जाएगा।

प्ररूप 'ग'

कम्पनी का नाम——————————————

रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता ——————————————

को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान पैक किए गए ——————————————(सोडाक्षार का प्रकार विनिर्दिष्ट करें) के विक्रय की लागत को दर्शाने वाला विवरण।

	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
(क) पैक की गई मात्रा		
(ख) विक्रय की गई मात्रा		

क्रम संख्या	विशिष्टियां	मात्रा (कि० ग्रा०)	दर (रु०)	रकम (रु०)	प्रति टन लागत	
					चालू वर्ष (रु०)	पूर्ववर्ती वर्ष (रु०)
1	2	3	4	5	6	7
1.	प्ररुप 'ख' 'ख1' से अन्तरित खुले सोडाक्षार की लागत					
2.	पैकिंग लागत					
	(क) पैकिंग सामग्री (मदें विनिर्दिष्ट करें)					
	(ख) वेतन और मजदूरी					

1	2	3	4	5	6	7

(ग) मरम्मत और रखरखाव
(घ) अन्य उपरि व्यय
(ङ) अवक्षयण
योग

3. स्टाक समायोजन
(केवल पैक किया गया माल)
जोड़ें : आरम्भिक स्टाक
घटाएं : अन्तिम स्टाक
विक्रय के लिए अन्तरित पैक की गई मात्रा की लागत

4. विक्रय और वितरण व्यय
(केवल विक्रय की गई मात्रा के लिए)
(i) वेतन और मजदूरी
(ii) विक्रय अभिकर्ता का कमीशन
(iii) ढुलाई और परिवहन प्रभार
(iv) गोदाम भाड़ा
(v) अन्य प्रभार
(vi) प्रशासन का अंश

5 कुल लागत जिसमें विक्रय और वितरण व्यय सम्मिलित है

6. ब्याज प्रभार

7. कर्मचारियों को वार्षिक बोनस

8. कानूनी उपबंध के लिए व्यवस्था

9. अन्य व्यय, जिसे लागत में सम्मिलित न किया गया हो, (मदों को विनिर्दिष्ट करें)

10. घटाएं : अन्य आय, जिस पर लागत में विचार न किया गया हो, (मदों को विनिर्दिष्ट करें)

11. कुल व्यय, जिसमें देश के भीतर बेची गई मात्रा के लिए उत्पाद शुल्क सम्मिलित नहीं है।

12. कुल विक्रय वसूली, जिसमें देश के भीतर बेची गई मात्रा के लिए उत्पाद शुल्क सम्मिलित नहीं है

13. अन्तर (मार्जिन)

टिप्पण : (1) पैक किए गए और बेचे गए प्रत्येक प्रकार के सोडाक्षार के लिए पृथक लागत विवरणी रखी जाएगी।

(2) बहुउत्पाद एककों के मामले में विभिन्न उत्पादों पर सामान्य विक्रय और वितरण व्ययों का प्रभाजन साम्यापूर्ण होगा और निरन्तर यही रखेगा।

(3) कर्मचारियों को, प्रोत्साहन बोनस से भिन्न, बोनस, कानूनी उपबंध की व्यवस्था और ब्याज प्रभार केवल प्ररूप 'ग' और 'घ' में पृथक रूप में वर्णित किए जायेंगे

(4) निर्यात किए गए सोडाक्षार की बाबत (सम्यक रूप से कपालारि) उस प्ररूप में पृथक लागत विवरणी रखी जाएगी, जिसमे निर्यात पर उपगत व्यय और उस पर अर्जित, प्रोत्साहन भी दिखाए जाएंगे।

प्ररूप 'घ'

कम्पनी का नाम ———— रसायन कारखाने (सोडाक्षार एकक) का नाम और पता ————

को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा उपगत कुल व्ययो और प्राप्त आय का सोडाक्षार और अन्य क्रियाकलाप के बीच आबंटन को दर्शाने वाला विवरण।

क्रम सं०	विशिष्टियां	कुल व्यय	निम्नलिखित से सम्बन्धित अंश	
			सोडाक्षार	अन्य क्रियाकलाप
		(रु०)	(रु०)	(रु०)
1	2	3	4	5
1.	उपभुक्त कच्ची सामग्री			
2.	उपभुक्त प्रसंस्करण सामग्री			

1	2	3	4	5

3. उपभोज्य भण्डार
4. वेतन और मजदूरी
5. बिजली, ईंधन और अन्य सेवाएं
6. मरम्मत और रखरखाव
7. अन्य संकर्म उपरि व्यय
8. अवक्षयण
9. प्रशासन उपरि व्यय
10. चालू कार्य के आदि और अन्य अतिशेष के बीच अन्तरों का समायोजन
11. घटाएं : वसूलियों के जमाखाते
    (i) उपोत्पाद/संयुक्त उत्पाद
    (ii) अन्य
12. घटाएं : स्वउपभोग
13. तैयार माल के आरम्भिक और अन्तिम स्टाक के बीच अन्तरों का स्टाक समायोजन
14. पैकिंग व्यय
15. विक्रय और वितरण व्यय
16. ब्याज प्रभार
17. कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न वार्षिक बोनस
18. कानूनी उपदान के लिए व्यवस्था
19. कोई अन्य व्यय, जिसे लागत में सम्मिलित न किया गया हो (मदों को विनिर्दिष्ट करें)
20. घटाएं : कोई अन्य आय, जिन पर लागत में विचार न किया गया हो (मदों का विनिर्दिष्ट करें)
21. योग, जिसमें उत्पाद शुल्क सम्मिलित नहीं है
22. निर्यात फायदों की, यदि कोई हो, कटौती करें
23. शुद्ध विक्रय वसूली, जिसमें उत्पाद शुल्क सम्मिलित नहीं है।
24. अन्तर (आजिन)

टिप्पण : इस प्ररूप में के व्ययों और आय की सभी मदों का समाधान सुसंगत अवधि के वित्तीय लेखा के साथ किया जाएगा।

[52/131/74-सी ए डी]

अपठित, अवर सचिव

Cost Accounting Records Rules for the Class of Companies Manufacturing Soda Ash

COST ACCOUNTING RECORDS (SODA ASH) RULES, 1976

S.O. 1720.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 642, read with clause (d) of sub-section (1) of section 209, of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), the Central Government makes hereby the following rules, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Cost Accounting Records (Soda Ash) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on 1st day of June 1976.

2. Application.—They shall apply to every company engaged in the production, processing or manufacture of soda ash in any form that is to say, light, dense and medium dense and conforming to I.S.I. Specifications.

3. Maintenance of records.—(1) Every company to which these rules apply shall in respect of each of its financial year on or after the 1st day of June, 1976, keep proper books of accounts containing inter alia the particulars specified in Schedules I and II annexed to these rules relating to utilisation of materials, labour and other items of cost in so far as these are applicable to the soda ash referred to in 2:

Provided that if the aid company is manufacturing any other products or is engaged in other activities in addition to soda ash, the particulars relating to the utilisation of materials, labour and other items of cost in so far as they are applicable to such other products or activities shall not be included in the cost of any of the forms of soda ash referred to in rule 2.

